आकाशवाणी शिमला
14.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज राजभवन शिमला में 'अलंकरण समारोह' में विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक और सराहनीय सेवा के लिए "पुलिस, गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा तथा जीवन रक्षा पदक से 76 विजेताओं को अलंकृत किया। पुरस्कार पाने वालों में कमांडेंट जनरल होम गार्ड और सिविल डिफेंस सतवंत अटवाल त्रिवेदी को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक तथा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर अतिरिक्त निदेशक सीबीआई नई दिल्ली में एन. वेणुगोपाल को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक, भी शामिल हैं। वर्ष 2020 के बाद पांच साल बाद यह अलंकरण समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर, राज्यपाल ने पदक विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी कर्तव्यनिष्ठा, साहस और सेवा—भावना को दिया गया है, जिससे उन्होने समाज की रक्षा की है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि सरकार प्राकृतिक खेती से ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण पर जोर दे रही है। उन्होंने आज शिमला में कहा कि सरकार ने किसानों को सशक्त और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार खेती की लागत को कम करने और किसानों की आय व उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्राकृतिक खेती पर जोर दे रही है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती करने से कृषि की लागत में औसतन 36 फीसदी की कमी आई है और उत्पादों के औसतन 8 फीसदी अधिक दाम मिले हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में 3 हजार 5 सौ 92 पंचायतों में एक लाख 98 हजार किसान 35 हजार हैक्टेयर भूमि पर इस समय प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। सरकार ने भी प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए चालू वित्त वर्ष में 15 करोड़ रूपए का बजट रखा है।

सुंदर ठाकुर

कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने आज क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान अस्पताल की व्यवस्थाएं जांची और मरीजों को आ रही

दिक्कतों को तुरंत दूर करने के निर्देश दिए। सुंदर ठाकुर ने कहा कि ओपीडी बढ़ने से अस्पताल पर काम का बोझ बढ़ा है। उन्होंने इससे निपटने के लिए अस्पताल में अतिरिक्त पर्ची और कैश कांउटर स्थापित करने के निर्देश दिए। सुंदर ठाकुर ने ये भी कहा कि क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में ईलाज को लेकर विश्वास बढ़ा है।

अनिल खाची

राज्य चुनाव आयोग ने प्रदेश में इसी साल होने वाले पंचायती राज संस्थाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी कड़ी में प्रदेश के मुख्य चुनाव आयुक्त अनिल कुमार खाची के नेतृत्व में प्रशासनिक और विभागीय अधिकारियों ने ऊना में एक बैठक में तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य चुनाव आयुक्त ने इस मौके पर कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव हमेशा ही चुनौतीपूर्ण रही है।

लाहौल पुलिस

लाहौल स्पिति जिला पुलिस को सी.सी.टी.एन.एस. रैकिंग में प्रदेश भर में दूसरा स्थान हासिल हुआ है। जिला के उप पुलिस अधीक्षक राजकुमार ने बताया कि 33 दशमलव 17 अंकों के साथ लाहौल स्पिति इस प्रणाली को लागू करने में दूसरे स्थान पर रहा जबकि नूरपुर जिला पुलिस 33 दशमलव 34 अंकों के साथ पहले स्थान पर रही।

नमस्कार।